## खबर संक्षेप

### किशन का सुयश



अमलाई। नगर परिषद वार्ड क्रमांक 5 आमाटोला के निवासी छात्र किशन सोनी दिल्ली में रहकर इंटर तैयारी कर रहे थे और 2026 में इंटर एग्जाम पास कर लिए हैं, 2 साल सीए के अंडर में काम सीखेंगे और फिर फाइनल एग्जाम देंगे, सीए इंटर पास करने की खुशी में किशन के परिवार इष्ट मित्र एवं क्षेत्रवासी में खुशी का माहौल है। सभी लोग गौरवान्वित हैं सभी लोग बधाई दे रहे हैं एवं अच्छे भविष्य की कामना करते हैं आगे भी किशन सोनी कड़ी मेहनत करके फाइनल एग्जाम मैं भी सफलता मिले। विदित हो कि किशन क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसाइ राकेश सोनी के सुपुत्र हैं।

### 5 साल से भाग रहा वारंटी गयाराम गिरफ्तार

शहडोल। कानून के लंबे हाथों से कोई कब तक बचेगा, वर्ष 2019 से पुलिस को चकमा दे रहे स्थायी वारंटी गयाराम कोरी का वनवास अंततः धनपुरी पुलिस ने खत्म कर दिया है। चेक बाउंस के मामले में 5 साल से फरार चल रहे इस शातिर वारंटी को पुलिस टीम ने अनूपपुर जिले के ग्राम धिरौल पटनाकला से घेराबंदी कर धर दबोचा। थाना प्रभारी के नेतृत्व में सउनि भूपेन्द्र सिंह और उनकी टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए भगोड़े को सलाखों के पीछे पहुँचाया और बुढार न्यायालय में पेश किया। पुलिस की इस स्ट्राइक ने साफ कर दिया है कि फाइलें कितनी भी पुरानी हों, गुनाहगारों का हिसाब होकर रहेगा।

### रेलवे मजदूर कांग्रेस ने विश्व महिला दिवस पर किया सम्मान समारोह आयोजित



अमलाई। विश्व महिला दिवस 08 मार्च के अवसर पर रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर शिवम् रेलवे महिला समिति अनूपपुर के तत्वावधान में मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर कार्यालय में महिला दिवस पर महिला सम्मान व रंग पंचमी कार्यक्रम किया गया , मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के शाखा सचिव जयंतो दासगुप्ता ने बताया कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण व मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के निर्देशानुसार मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर ने महिला दिवस व रंगपंचमी कार्यक्रम किया गया। महिला दिवस व रंगपंचमी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा श्रीवास्तव ने महिला शब्द ही शक्ति का रुप है महिला का सारगर्भित अर्थ का उल्लेख बताया कि म + मातृत्व - हि + हिम्मत - ल + लज्जा इन शब्दों से बना महिला शब्द बना है आज के आधुनिक दुनिया में आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्राणी भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती गायत्री रैकवार ने महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी रखना चाहिए , महिला दिवस व रंगपंचमी की इस गरिमामय कार्यक्रम करने लिए मजदूर कांग्रेस का हम महिलाओं की ओर से अभिनंदन व धन्यवाद ज्ञापित करते है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देश पर महिला दिवस पर यह कार्यक्रम किया गया, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर अपने प्रत्येक शाखा में एक महिला पदाधिकारी रखने का निर्णय लिया गया है।

## मिक्सर मशीन ने ली मजदूर की जान नहर निर्माण में लापरवाही उजागर

**बिना सुरक्षा इंतजाम के कराया जा रहा था काम**

**अधिकारियों की निगरानी पर उठे गंभीर सवाल**

जैतपुर थाना क्षेत्र में नहर निर्माण कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे में आदिवासी मजदूर की मौत हो गई। सिंचाई विभाग की परियोजना में काम कर रहे मजदूर गोजे बैगा मिक्सर मशीन की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी जान चली गई। घटना ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मजदूरों की सुरक्षा को लेकर विभाग की लापरवाही अब चर्चा का विषय बन गई है।



शहडोल

जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। सिंचाई विभाग के नहर निर्माण कार्य के दौरान मिक्सर मशीन की चपेट में आने से एक आदिवासी मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे ने न सिर्फ एक परिवार का सहारा छीन लिया, बल्कि निर्माण कार्य में सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदारी को लेकर भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार जैतपुर थाना क्षेत्र के बोदा टोला इलाके में घोघरी गांव से नवगवां तक लगभग 8 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस परियोजना की लागत 8 करोड़ रुपये से अधिक है और इसका जिम्मा सिंचाई विभाग के अधीन कराया जा रहा है। लेकिन इतने बड़े निर्माण कार्य के बावजूद मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है।

बताया जाता है कि छोटी घोघरी गांव निवासी आदिवासी मजदूर गोजे बैगा नहर निर्माण कार्य में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। रोज की तरह वह भी निर्माण स्थल पर काम कर रहे थे। इसी दौरान मिक्सर मशीन को आगे बढ़ाने की जरूरत पड़ी। बताया जा रहा है कि मजदूर गोजे बैगा अकेले ही मशीन को आगे ले जाने लगे। निर्माण स्थल पर ढलान होने के कारण अचानक मिक्सर मशीन तेज गति से आगे बढ़ गई। मशीन का नियंत्रण छूटने से गोजे बैगा उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मशीन से कुचलने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मजदूरों और आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर जैतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। यह हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर मजदूरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। न तो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही मशीन संचालन के दौरान किसी तरह की निगरानी व्यवस्था दिखाई दी।

विशेषज्ञों के अनुसार भारी मशीनों के संचालन के दौरान प्रशिक्षित कर्मियों की मौजूदगी और सुरक्षा उपकरण अनिवार्य होते हैं। लेकिन यहां मजदूरों से जोखिम भरा काम कराया जा रहा था। यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। गौरतलब है कि आदिवासी अंचल के मजदूर अक्सर अपने परिवार की आजीविका के लिए ऐसे जोखिम भरे काम करने को मजबूर होते हैं। लेकिन निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होना कई बार उनकी जिंदगी पर भारी पड़ जाता है। इस घटना के बाद सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली और मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और मजदूरों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मृतक मजदूर के परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग उठने लगी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

### अधिकारियों की जिम्मेदारी पर सवाल

जैतपुर क्षेत्र में चल रहे नहर निर्माण कार्य में हुई मजदूर की मौत के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि इस परियोजना की निगरानी की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आशीष वर्मा और कार्यपालन यंत्री प्रतीक खरे के अधीन आती है। इतने बड़े निर्माण कार्य के बावजूद मजदूरों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक इंतजाम नहीं किए जाने को लेकर विभाग कटघरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाता और मशीनों के संचालन के दौरान उचित निगरानी रखी जाती तो शायद यह हादसा टल सकता था। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या निर्माण कार्य के दौरान श्रम सुरक्षा नियमों का पालन कराया जा रहा था या नहीं। अब इस घटना के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका और निगरानी व्यवस्था की भी जांच की मांग तेज हो गई है।

## शादी का झांसा देकर आबरू से खिलवाड़

**राजू चढ़ा पुलिस के हत्थे, सलाखों के पीछे पहुंचा छलिया**



शहडोल

रिश्तों की दुहाई देकर और शादी का सब्जबाग दिखाकर एक महिला की अस्मत से खेलने वाले कलयुगी आशिक का अंततः ठिकाना बदल गया है। बुढ़ार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी श्रेयांस जैन उर्फ राजू उम्र 48 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### विश्वास का कत्ल और हवस का खेल

मामला तब गरमाया जब पीड़िता ने 8 मार्च 2026 को थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। शिकायत के मुताबिक, वार्ड नंबर 09, सिनेमा रोड निवासी अशोक जैन के सुपुत्र श्रेयांस उर्फ राजू ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर न केवल विश्वास जीता, बल्कि लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण भी किया। जब वादे निभाने की बारी आई, तो आरोपी के असली रंग सामने आ गए।

### खाकी का क्विक एक्शन

मामले की गंभीरता और महिला अपराध के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जाल बिछाया। महज कुछ ही घंटों के भीतर सफेदपोश आरोपी को बुढ़ार क्षेत्र से दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह, सउनि अंजना अहिरवार, राजेन्द्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक रामनाथ और राजू प्रसाद का विशेष योगदान रहा।

## ढाबे के पास लूट करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**मझौली के युवक से मारपीट कर लूटा था सामान**

शहडोल। सूनसान रास्तों पर राहगीरों को अपना शिकार बनाने वाले लुटेरों के दुस्साहस का ब्यौहारी पुलिस ने अंततः सूर्यास्त कर दिया है। वन विहार ढाबे के पास घटित सनसनीखेज लूटकांड का महज 72 घंटों के भीतर खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।



### मारपीट के बाद छीना था सामान

घटना 5 मार्च 2026 की है, जब सीधी निवासी आकाश कुमार गुप्ता को आरोपियों ने शहडोल रोड पर घेर लिया। आरोपियों ने न केवल युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि उसका मोबाइल, घड़ी और नकदी लूटकर रफूचक्कर हो गए। लुटेरों को लगा था कि वे अंधेरे का फायदा उठाकर बच निकलेंगे, लेकिन ब्यौहारी खाकी की तीसरी आंख उन पर टिकी थी।

### दबोचे गए मुदरिया और सूखा के लुटेरे

थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल के नेतृत्व में गठित टीम ने सायबर सेल की मदद से घेराबंदी की और 25 वर्षीय नवीन सिंह, 24 वर्षीय सागर सिंह (दोनों निवासी मुदरिया) और 19 वर्षीय सूर्यांश सिंह बघेल (निवासी सूखा) को धर दबोचा। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया शत-प्रतिशत मशरूका बरामद कर लिया है। इस क्विक एक्शन में एसआई वीरेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक नरेंद्र उपाध्याय, हीरा सिंह, अमर सिंह, आरक्षक पंकज मेहरा, महिला आरक्षक माधुरी साहू सहित सायबर सेल के धुरंधर सत्यप्रकाश और हिमवंत मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

## बुढ़ार कॉलेज में आउटसोर्स भर्ती पर सवाल

**नियमों की अनदेखी कर परिचितों को नौकरी देने के आरोप**

शहडोल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों और कुछ आवेदकों ने आरोप लगाया है कि भर्ती प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी करते हुए कॉलेज प्रबंधन ने अपने परिचितों और संबंधियों को लाभ पहुंचाने के लिए मनमानी तरीके से नियुक्तियां कर दीं। बताया जा रहा है कि आउटसोर्स माध्यम से विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की भर्ती की गई, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई। आरोप है कि जिन अभ्यर्थियों ने नियमानुसार आवेदन पत्र जमा किए थे, उनके आवेदन को किनारे कर दिया गया और उनकी जगह अन्य लोगों को नौकरी दे दी गई। इससे कई योग्य उम्मीदवारों में नाराजगी देखी जा रही है।कुछ आवेदकों ने यह भी आरोप लगाया है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान रिश्वत लेकर नियुक्तियां देने का खेल भी चला है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस तरह के आरोप सामने आने के बाद महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले की जानकारी लेने के लिए जब कुछ लोग महाविद्यालय पहुंचे और भर्ती से जुड़ी जानकारी मांगी, तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन इस मामले में जानकारी देने से बच रहा है और पूरे मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। इससे पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भर्ती प्रक्रिया नियमों के तहत हुई है तो महाविद्यालय प्रबंधन को पूरी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। वहीं, कई लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि भर्ती प्रक्रिया में कहीं अनियमितता तो नहीं हुई। फिलहाल इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह शिक्षा व्यवस्था और सरकारी संस्थानों की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करेगा। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या भर्ती प्रक्रिया की जांच होती है या नहीं।

## शहडोल के मिनी ब्राजील की उड़ेगी धूल

**5.10 करोड़ से चमकेगा विचारपुर का फुटबॉल मैदान**

शहडोल।

शहडोल के उस गांव को आखिरकार उसका हक मिल गया है, जिसका लोहा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मान चुके हैं। मिनी ब्राजील के नाम से मशहूर ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने 5.10 करोड़ रुपये का खजाना खोल दिया है।

### प्रोफेशनल टर्फ पर दिखेगा दम

इस भारी-भरकम बजट से विचारपुर में न केवल सर्वसुविधायुक्त फुटबॉल मैदान बनेगा, बल्कि बाउंड्रीवॉल, भव्य पवेलियन, आधुनिक चेंजिंग रूम और ऑफिशियल रूम जैसी सुविधाएं भी खड़ी की जाएंगी। सालों से बदहाल मैदान में पसीना बहा रहे खिलाड़ियों के लिए यह खबर किसी उत्सव से कम नहीं है। अब यहां के प्रतिभावान युवाओं को अभ्यास और बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए महानगरों का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा।

### मोदी के विजन को मिला बजट का बूस्टर

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने विचारपुर के फुटबॉल प्रेम को दुनिया के सामने मिसाल के तौर पर पेश किया था। जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन की लंबी पैरवी के बाद मिली इस मंजूरी से खिलाड़ियों और कोचों के चेहरे खिल उठे हैं। बजट तो आ गया, अब देखना यह है कि विभाग इस 5 करोड़ की राशि को भ्रष्टाचार की भेंट चढने देता है या वाकई विचारपुर से अगले नेमार और मेसी पैदा करने के लिए ईमानदारी से ईंट-पत्थर जोड़ता है।

## श्रवण पांडे के आंगन से बरामद हुई पीली बेशकीमती लकड़ियां!



**शहडोल। जंगल के हरे सोने पर नजर गड़ाए बैठे तस्करों के खिलाफ वन विभाग ने अब आर-पार की जंग छेड़ दी है। गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेला में वन विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए श्रवण कुमार पांडे नामक व्यक्ति के घर से सागौन की अवैध इमारती लकडिय़ों का बड़ा जखीरा बरामद किया है।**

### पांडे जी के घर में सजी थी अवैध मंडी

विश्वस्त सूत्रों से मिली सटीक सूचना के बाद वन विभाग ने गोहपारू पुलिस के साथ मिलकर श्रवण पांडे के ठिकाने पर घेराबंदी की। जब घर की तलाशी ली गई, तो अधिकारियों की आंखें फटी रह गईं। घर के भीतर सागौन की लगभग 20 नग बेशकीमती इमारती पट्टियां छिपाकर रखी गई थीं। जब आरोपी से इन लकडिय़ों के जन्म प्रमाण पत्र यानी वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह बगलें झांकने लगा।

### जंगल के लुटेरों पर अब कसेगा शिकंजा

बिना किसी कागजात के रखे गए इस अवैध माल को वन विभाग ने तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया है। विभाग अब इस बात की तहकीकात कर रहा है कि यह लकडिय़ां किस जंगल से काटी गई थीं और इस सिंडिकेट में और कौन-कौन से सफेदपोश चेहरे शामिल हैं।

### इनकी रही दमदार जुगलबंदी

इस सफल रेड में वन विभाग के जांबाज अधिकारियों के साथ गोहपारू पुलिस का कड़ा पहरा रहा। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सरकारी जंगलों को निजी जागीर समझने वालों का अगला ठिकाना सलाखों के पीछे होगा।

## मौत की पिकअप पर सीधी पुलिस का हंटर

**रस्सियों से जकड़े 6 मवेशी आजाद,**

**अनूपपुर का ड्राइवर गिरफ्तार, सतना के मालिक पर भी कसेगा शिकंजा**



शहडोल। बेजुबानों की चीखों पर नोटों की गद्दी बिछाने वाले पशु तस्करों के मंसूबों को सीधी पुलिस ने कुदरी बस स्टैंड तिराहे पर मिट्टी में मिला दिया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक एस.आर. भगत की टीम ने घेराबंदी कर एक ऐसी पिकअप को दबोचा है, जिसे देखकर किसी भी इंसान की रूह कांप जाए। अमझोर की ओर से आ रही सफेद रंग की बिना नंबर वाली पिकअप को जब पुलिस ने रोका, तो अंदर का नजारा भयावह था। 5 पाड़ा और 1 भैंस को गले और पैरों से इस कदर बेरहमी से बांधा गया था कि वे हिल तक नहीं पा रहे थे। भूख और प्यास से व्याकुल ये मवेशी मौत के उस सफर पर थे, जिसे लालची तस्करों ने बुना था।

### सतना से अनूपपुर तक फैला तस्करी का जाल

पकड़े गए चालक दिनेश कुमार कोल 29 वर्ष, निवासी पसला, अनूपपुर ने पूछताछ में कबूला कि वह यह खूनी खेप कोतमा से लोड कर सीधी की ओर जा रहा था। इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड वाहन मालिक अभिषेक सिंह (निवासी भटनवारा, सतना) बताया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि न तो चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही वाहन के कोई दस्तावेज।

### 6 लाख का मशरूका जब्त, तस्करों पर केस दर्ज

पुलिस ने मवेशियों समेत लगभग 6 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। तस्करों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट की संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल मवेशियों को थाना परिसर में चारा-पानी देकर सुरक्षित रखा गया है। इस सफल ऑपरेशन में सउनि गुलाब सिंह, प्रधान आरक्षक अखंड प्रताप और आरक्षक सतीश सिंह की भूमिका रही।

## काम में ढिलाई बरती तो नपेंगे ठेकेदार: आयुक्त, किश्त डकारने वाले हितग्राहियों से होगी वसूली

**नल-जल योजनाओं में सुस्ती पर पेनाल्टी की चेतावनी**

**पीएम आवास का पैसा लेकर घर न बनाने वालों पर चलेगी आरआरसी की कैंची**

शहडोल। संभाग की विकास योजनाओं में कछुआ चाल चलने वाले ठेकेदारों और सरकारी पैसे का स्वाद चखकर काम रोकने वाले हितग्राहियों की अब खैर नहीं है। संभाग आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अमृत 2.0 और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक में आर-पार के मूड में नजर आईं। उन्होंने साफ कर दिया कि फाइलों में विकास की इबारत लिखने का वक्त खत्म हो चुका है, अब जमीन पर काम दिखना चाहिए।

### या तो काम करो या बाहर निकलो

अमृत 2.0 के तहत निर्माणाधीन नल-जल योजनाओं की कछुआ गति पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को मासिक टारगेट सेट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि जो ठेकेदार जनता के काम में रुचि नहीं ले रहे, उन पर भारी पेनाल्टी ठोकी जाए और जरूरत पडऩे पर उनके ठेके निरस्त कर काली सूची में डाला जाए। जल संरचनाओं और ग्रीन एरिया स्पेस योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




### आवास का पैसा डकारने वालों से होगी पाई-पाई की वसूली

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 की समीक्षा के दौरान आयुक्त का रुख बेहद सख्त रहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने लेंटल या छत स्तर तक काम छोड़ दिया है, उन्हें 31 मार्च तक हर हाल में पूरा कराएं। वहीं, जो हितग्राही पैसा लेने के बाद भी घर बनाने में आनाकानी कर रहे हैं, उनके विरुद्ध आरआरसी जारी कर सरकारी राशि वसूलने की कार्यवाही शुरू की जाए।

### पीएम स्वनिधि पर डेडलाइन

शहडोल नगर की सीवरेज लाइन, जिसका 83 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, उसे समय-सीमा में खत्म करने की हिदायत दी गई है। साथ ही पीएम स्वनिधि 2.0 के तहत बैंकों को भेजे गए प्रकरणों की स्वीकृति और वितरण की डेडलाइन भी 31 मार्च तय की गई है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पीएम आवास 2.0 के लिए पात्र-अपात्र की सूची 10 दिन में तैयार कर पोर्टल पर अपलोड की जाए।

## समाज के सर्वांगीण विकास की धुरी हैं महिलाएं:जायसवाल

शहडोल। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहडोल के विधि कॉलेज का परिसर नारी शक्ति के गौरव और उत्साह से सराबोर नजर आया। बढ़ते कदम परंपरागत संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति के तत्वाधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने साफ कर दिया कि आज की नारी सिर्फ घर नहीं, बल्कि देश और समाज की तकदीर लिख रही है।




### गांव-गांव पहुंचा सम्मान, बदला जीवन का प्रतिमान

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव-गांव में इसे उत्सव की तरह मनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि महिलाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण बदला है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि प्रशासनिक गलियारों से लेकर राजनीति, इंजीनियरिंग और डॉक्टरी जैसे क्षेत्रों में महिलाएं शीर्ष पदों पर आसीन होकर देश की सेवा कर रही हैं।

### लाड़ली बहना से लखपति दीदी तक का सफर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए मंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के हाथ में आर्थिक ताकत दी है। उन्होंने विशेष रूप से स्व-सहायता समूहों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हमारी बहनें खुद का व्यवसाय खड़ा कर लखपति दीदी बन रही हैं। यह आत्मनिर्भरता ही 2047 के विकसित भारत के संकल्प की असली बुनियाद है।

### मंच पर रसूख और सभागार में जोश

इस गरिमामयी अवसर पर जैतपुर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा सहित आरएस गौतम, सत्यभामा गुप्ता और हेमंत खरे जैसे गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि समाज के हर वर्ग का सहयोग ही महिलाओं को बेडिय़ां तोडक़र आगे बढऩे का हौसला देगा।

## खबर संक्षेप

### आज से सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर के लिए पंजीयन शिविर

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन 10 मार्च से 17 मार्च तक किया जाना है । उन्होने बताया कि 10 मार्च को जनपद पंचायत मानपुर में , 11 मार्च को जनपद पंचायत पाली में , 12 मार्च को जनपद पंचायत करकेली में, 13 मार्च को शासकीय आईटीआई कोहका में, 16 मार्च को शासकीय आईटीआई पाली में तथा 17 मार्च को शासकीय आईटीआई उमरिया में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि शिविर पंजीयन करते समय आवेदको से किसी भी प्रकार का शुल्क न वसूला जाए । शिविर पूरी तरह निशुल्क रहेगा ।

### कोल इंडिया के 450 नान-एक्जिक्यूटिव कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

**राजनगर।** भारत की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी कंपनियों में नान-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को अधिकारी पद पर पदोन्नत करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने विभागीय प्रमोशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है और 15 मार्च तक चयनित कर्मचारियों की अंतिम सूची जारी होने की संभावना है। उल्लेखनीय है, कि कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के कुल 4400 कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों में अधिकारी बनने के लिए आवेदन किया था। इनमें से लगभग 3400 आवेदन केवल मानव संसाधन (एचआर) विभाग के लिए प्राप्त हुए थे। स्क्रूटनी के बाद कोल इंडिया की चयन समिति ने 450 उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। चयनित कर्मचारियों को ई-2 ग्रेड में अधिकारी बनाया जाएगा। औपचारिक स्वीकृति मिलने के बाद कंपनी द्वारा आधिकारिक सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चयनित अधिकारी विभिन्न विभागों में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। कोल इंडिया में जिन प्रमुख विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, उनमें उत्खनन, वित्त, कार्मिक (एचआर), विद्युत एवं यांत्रिकी, सिविल, सर्वे, सिस्टम (आईटी), सामग्री प्रबंधन, विपणन एवं बिक्री, कानूनी, पर्यावरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, जनसंपर्क, सचिवीय, कंपनी सचिव तथा सुरक्षा विभाग शामिल हैं। इन विभागों में चयनित अधिकारी तकनीकी संचालन, वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन, खदान सर्वेक्षण, आईटी प्रणाली, आपूर्ति प्रबंधन, विपणन, कानूनी मामलों, पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेले का हुआ शुभारंभ

# कृषकों को आत्म निर्भर बनाने के लिए केंद्र एवं प्रदेश कृत संकल्पित-विधायक

## मेले में बताई जा रही बातों का पालन कर, खेती को बनाएं लाभ का धंधा - कलेक्टर











**उमरिया। खेती के माध्यम से कृषकों को आत्म निर्भर बनाने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। खेती किसानी के क्षेत्र में सरकार व्दारा निरंतर रूप से कार्य किया जा रहा है, ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें और बेहतर ढंग से अपना जीवन यापन कर सके। उक्त आशय के विचार मानपुर विधानसभा क्षेत्र कि विधायक सुश्री मीना सिंह कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेले का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए।**

उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा किसानों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ भी किसानों को मिल रहा है। किसानों को जीरो बैलेंस पर सोसायटी के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानो को फसलों पर समर्थन मूल्य उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान कोदो , कुटकी की भी खेती करना प्रारंभ करें। इसकी फसल कम पानी में बोई जा सकती है। इसके साथ ही इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, खनिज तथा एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है।वर्तमान में किसानी के क्षेत्र में आधुनिक यंत्र आ गए है। मेले में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों व्दारा खेती करने के नए नए तरीकों से किसानों को अवगत कराया गया । किसान उन तरीको को खेती किसानी में अपनाकर निश्चित रूप से अच्छा लाभ कमा सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी प्रांगण में तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेले का आयोजन किया गया है। मेले के माध्यम से किसानो को उन्नत तकनीको, उन्नत बीजो के साथ अन्य प्रकार की जानकारी प्रदाय की जाएगी। उन्होने किसानो से कहा कि रसायनिक खाद का उपयोग न करते हुए प्राकृतिक को अपनाएं। प्रदेश सरकार व्दारा कृषक कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है,जिसके तहत भी किसानों को खेती किसानी के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के तहत उमरिया जिले का भी चयन किया गया है। किसान दलहन एवं तिलहन का भी उत्पादन करें जिससे उनकी आय में वृध्दि हो सके। उन्होने कृषकों से अपील की है कि आयोजित तीन दिवसीय मेले में वैज्ञानिकों व्दारा बताई जा रही बातों को आत्मसात करें और उसका उपयोग खेती किसानी में करें । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि किसानों के लिए खेती लाभ का धंधा कैसे बने, इस दिशा में निरंतर रूप से प्रदेश सरकार व्दारा कार्य किया जा रहा है। सभी किसान आयोजित तीन दिवसीय मेले का लाभ उठाएं और परंपरागत कि जा रही खेती से हटकर वैज्ञानिकों व्दारा बताई जा रही विधि से खेती किसानी का कार्य करें। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि व्दारा कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जिला पंचायत सदस्य बेला अुर्जुन सिंह सैयाम, अर्जुन सिंह सैययाम,जनपद सदस्य हरी सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग सहित अन्य विभागों कि लंबित शिकायतो पर नाराजगी व्यक्त की तथा समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

उन्होने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं जल निगम को जल से संबंधित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए । इसी तरह बाघान्नारा में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए।

उन्होने कहा कि पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है।उन्होने कहा कि आयोजित हो रहे शिविरों में क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए तथा योजनाओं के लाभ से हितग्राहियों को लाभांवित करना सुनिशिचत किया जाए । साथ ही जिन अधिकारियों को शिविरों के लिए क्लस्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, वे अपने क्लस्टर पर उपस्थित रहकर आवेदनों का निराकरण करेंगे ।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद सीईओ मानपुर प्रत्यूष श्रीवास्तव,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेले में हितग्राही मूलक योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी



**उमरिया।** कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत आयोजित मेले में हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर पशु पालन विभाग व्दारा दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान अंतर्गत हितग्राहियों के चयन, योजना का स्वरूप, इकाई लागत, अनुदान राशि, पशुओ का चयन, आवेदन प्रक्रिया,पशु धन बीमा योजना, आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना, समुन्नत पशु प्रजनन कार्यक्रम योजना, कृषि विभाग व्दारा सुपरसीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल, कटर यंत्र,उद्यानिकी विभाग व्दारा पीएम एफएमई ,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, महिला बाल विकास विभाग व्दारा बेटी बचाओ , बेटी पढाओ, वन स्टॉप सेंटर सखी, साईबर क्राइम, के साथ ही झटका मशीन , स्प्रिंकलर , पाईपलाईन तथा स्व सहायता समूह कि महिलाओं व्दारा प्राकृतिक खेती उत्पाद,प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अवलोकन किसानों व्दारा किया गया।

# बाईक रैली के माध्यम से किया गया नेशनल लोक अदालत का प्रचार



**उमरिया।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के पालन में एवं अध्यक्ष,प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,प्रियदर्शन शर्मा के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया मोहन डाबर के सकिय प्रयास से 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु रथ यात्रा एवं वाहन बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रियदर्शन शर्मा अध्यक्ष,जिला एवं सत्र न्यायाधीश,बार काउन्सिल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह,द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अहमद रजा, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश रामसहारे राज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार अग्रवाल, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड वीणा खलखो, आशीष धुर्वे न्यायिक मजि0 उमरिया, पल्लवी सिंह न्यायिक मजि0 अन्य अधिवक्तागण न्यायालय के समस्त स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के स्टाफ साथ पैरालीगल वालेन्टियर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पंचमीं के अवसर पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

## महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर कर हिस्सा



**राजनगर।** अंतरास्ट्रीय महिला दिवस एवं रंगपंचमी के अवसर 8 मार्च को अनन्या वाटिका में रंगारंग कार्यक्रम महिला दिवस और रंगपंचमी के अवसर पर उत्साहपूर्ण आयोजन कोयलांचल क्षेत्र की महिलाओं की सहभागिता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चियां, बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य, मोटिवेशनल स्पीच, कविता आदि की प्रस्तुति की गयी। इन कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आयोजन समिति ने महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार भी प्रदान किये गए। उपस्थित महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट भी प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम में उमंग खुशी और उत्साह का माहौल रहा। आयोजन समिति की कोयलांचल क्षेत्र की महिलाओं ने इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने के लिए राजनगर, रामनगर, पौराधार झीमर, बिजुरी, कोतमा एवं आसपास के क्षेत्र से महिलाओं को एकत्रित कर इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

कार्यक्रम में लगभग 120 महिलाओं की उपस्थिति थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता सुमिता शर्मा एवं शिक्षिका एवं संधान ट्रस्ट की ट्रस्टी मेम्बर हनी चौरसिया का भी विशेष योगदान रहा। कोयलांचल क्षेत्र की महिलाओं आयोजन समिति के सदस्य और संधान ट्रस्ट के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# टी 20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद कोतमा नगर में मनाया जश्न



**कोतमा।** रविवार को टी 20 विश्व कप में भारत की न्यूज़ीलैंड पर शानदार जीत के बाद कोतमा नगर के गांधी चौक में देर रात तक जश्न मनाया गया और आतिशबाजी होती रही। सैकड़ों की संख्या में समर्थक एक साथ बड़े स्क्रीन में मैच देख रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ द्वारा एलईडी, आतिशबाजी एवं मिठाई की व्यस्था कराई गई थी। अंतिम विकेट गिरते ही उपस्थित लोगो द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया। आतिशबाजी करते हुए बैंड बाजे के साथ जमकर डांस भी किया। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय के जयकारे भी लगाए। टी 20 विश्व कप में भारत की पहले बल्लेबाजी का प्रशंसकों द्वारा भरपूर लुत्फ उठाया। हर चौंके, छक्के लगने पर जमकर उत्साह मनाया। 5 विकेट पर 255 का स्कोर बनते ही सभी जीत को लेकर आश्वस्त हो चुके थे। बाद में गेंदबाजी पर जब-जब न्यूजीलैंड के विकेट गिरते, क्रिकेट प्रेमी झूम उठते और भारत माता की जय के नारे लगाते। अंत में भारत की 96 रनों के अंतर से शानदार जीत के बाद अन्य वार्डो के लोग भी चौक में एकत्र होकर जश्न मनाते रहे। चौराहों पर देर रात तक उत्सव का माहौल बना रहा। युवा तिरंगा लेकर स्टेशन चौक तक पहुंच गए। भारत माता की जय के नारे लगाते हुए लोग पटाखे, ढोल-नगाड़े बजाकर डांस करते दिखे। देशभक्ति के गाने गाकर और एक-दूसरे को बधाई देते रहे। क्रिकेट प्रेमियों का कहना था कि 2024 में रोहित शर्मा ने जीत दिलाई थी और अब सूर्यकुमार यादव भारत को जीत दिलाते हुए कई रिकॉर्ड दर्ज करा दिया।

# विशेषज्ञ व्याख्यान एवं प्रायोगिक कार्यशाला का किया गया आयोजन



**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय कोतमा में सोमवार को महाविद्यालय के विज्ञान अध्ययन और नवाचार क्लब द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा उत्प्रेरित एवं प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान और प्रायोगिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य जबेदियुस लकड़ा ने अपने वक्तव्य में विज्ञान के प्रति जागरूकता के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के अधिकाधिक सहभागिता हेतु प्रेरित करने का कार्य किया। उन्होंने विकसित भारत के लिए वैज्ञानिक स्वभाव की आवश्यकता पर बल दिया। शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय से पधारे वक्ता लाल सिंह बंजारा ने सतत विकास के लिए जैव विविधता की आवश्यकता के बारे में समझाया। उन्होंने जैव विविधता के दैनिक जीवन में महत्व को रेखांकित करते हुए जैव विविधता को संरक्षित करने के उपायों की चर्चा की। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के बारे में बात करते हुए महिलाओं को विज्ञान के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। तत्पश्चात शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के आये वक्ता ऋषिकेश चंद्रवंशी ने विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम शोध और नवाचार विषय पर चर्चा की। उन्होंने आधुनिक तकनीकों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और जीन प्रौद्योगिकी आदि के बारे में चर्चा की। साथ ही उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन के बारे में चर्चा करते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को विज्ञान में शोध के लिए प्रेरित किया। द्वितीय पाली में रसायन प्रयोगशाला में आधुनिक तकनीकें विषय पर प्रायोगिक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मोहम्मद मोबीन ने किया। प्रयोगशाला में विभिन्न मशीनों की कार्यविधि के बारे में छात्रों को अवगत कराया। विज्ञान संकाय से मोहम्मद मोबीन और सुश्री कृति मरावी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। विज्ञान अध्ययन एवं नवाचार क्लब प्रभारी डॉ. बीरेन्द्र सिंह ने मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यक्रम में 110 एवं प्रायोगिक कार्यशाला में 56 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कल किया जाएगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में 11 मार्च बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केएल दीवान ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन स्वर्ण लिपि चेरीटेबल ट्रस्ट मुंबई के द्वारा आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 10:00 बजे से शाम तक किया जाना है रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपके रक्तदान करने से किसी की जान बच सकती है इसलिए ऐसे पुनीत कार्य में आगे आकर रक्तदान करें।

# जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी के निवास में फाग-गीतों के साथ होली मिलन उत्साहमय मना



**बुढार।** रंगपंचमी के पावन अवसर पर जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के निज-निवास में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व उल्लासमय मनाया गया। आपसी सद्भाव तथा मैत्री का पर्व होली के पुनीत अवसर पर जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जयसिंह मरावी ने होली फाग मण्डली के साथ फाग-गीतों में अपनी भरपूर सहभागिता निभाते हुये रंगपंचमी पर्व पर सहजभाव से कार्यक्रम में पधारे सभी स्नेहियों व पार्टी जनों को गुलाल लगाकर शुभकामना दी। ग्राम- सरईकापा स्थित विधायक निवास पर होली मिलन समारोह के मौके पर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी जनों व नगर एवं जिले के वरिष्ठ जनों का भारी हुजूम रंगपंचमी पर एकत्रित हुआ और होली पर्व का भरपूर लुत्फ एक से बढ़कर अनेक फाग गीतों को सुन उत्साह से झूम उठे और एक दूसरे को गुलाल लगाकर व गले मिलकर अपनी शुभकामना दी।




## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति का उत्सव बना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बदरा/जमुना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) जमुना-कोतमा क्षेत्र द्वारा जमुना कॉलोनी स्थित बंकिम बिहार में महिलाओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की मनोरंजक खेल-प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं और बच्चियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही और पूरे आयोजन का माहौल उत्साह, उमंग और उल्लास से भरा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं के स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद एक के बाद एक रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बंद आंख दो प्रतिभागी एक थाली एक कपड़ा, गोला और बाटल, बॉल डिस्पोजल, गोले के अंदर-बाहर, गिलास में से नींबू निकालना, नींबू दौड़, बैलून डिस्पोजल, बॉटल में स्ट्रा डालना जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इसके अलावा गायन और नृत्य प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया, जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इन खेलों में भाग लेकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रतियोगिताओं के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वहीं सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान रंग पंचमी के अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ रंगोत्सव भी मनाया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 90 मरीजों का पंजीयन एवं उपचार

**अमरकंटक।** पवित्र एवं आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा संचालित चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस सेवा-प्रधान शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगर के बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान कुल लगभग 90 मरीजों का पंजीयन कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक उपचार किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की गहन जांच कर उन्हें उचित परामर्श तथा आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। इस अवसर पर डॉ. योगेन्द्र परिहार (बिलासपुर), डॉ. शकुंतला लाहिड़ी (अमरकंटक), डॉ. एस. के. धर (बिलासपुर), डॉ. अभिषेक पाण्डे, डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. आशुतोष पाठक एवं डॉ.संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य चिकित्सकों ने सेवा भाव से मरीजों का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह दी। शिविर के सफल संचालन में सुखनंदन सिंह, राजेश तिवारी, दीपक चंद्रवंशी तथा रामस्नेही सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन के दौरान अमरकंटक नगर के साथ-साथ आसपास के दूरस्थ गांवों से आए मरीजों ने विभिन्न बीमारियों की जांच कराई। चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, समय-समय पर चिकित्सकीय जांच कराने तथा संतुलित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

## म.प्र. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का बुढार स्टेशन में कांग्रेसजनों ने किया भव्य स्वागत



**बुढार।** म.प्र. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आगमन पर कांग्रेस जनों ने बुढार स्टेशन में बाजे-गाजे तथा जयघोष के साथ पुष्पहार से स्वागत किया।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अनूपपुर जिले के अमरकंटक अल्प प्रवास पर नर्मदा एक्सप्रेस से बुढार आगमन पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव एवं जुझारू नेता प्रदीप सिंह (एड.) के अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेस जनों ने पूरे उत्साह के साथ बाजे-गाजे व नारों के मध्य अपने प्रिय विधानसभा नेता प्रतिपक्ष का माल्यार्पण से भव्य स्वागत किये।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस जनों के अपार उत्साह से अभिभूत होकर कहाकि - न्याय व हक की लड़ाई में कांग्रेस जन पूरे उत्साह के साथ अभी से जुट जावें और वर्तमान सरकार की नाकामियों को लेकर पार्टी के उच्च निर्देशन के लिये अभी से तैयार रहें। म.प्र. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद मनोज जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह, सन्तोष सिंह सेंगर, इबरार अहमद, लीलाराम जगवानी, जवाहर राव, पुष्पेन्द्र शर्मा, रविकांत, ओंकार सिंह गोड़, विक्की पटेल, अयोध्या राव, मो. असलम, मोहन कुमार, विमल कचेर, निक्की तिवारी सहित कांग्रेस जनों ने पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया।

## धनपुरी में सड़कों की बदहाली से बढ़ी परेशानी, कई वार्डों में गड्ढों का जाल; पार्षद भी उठा रहे सवाल

**धनपुरी।** नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों की जर्जर हालत अब लोगों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। नगर की प्रमुख मॉडल रोड से लेकर कई वार्डों की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर की मॉडल रोड पर हालत यह है कि भारी वाहन गुजरते ही धूल का गुबार उड़ने लगता है। सड़क उखड़ जाने और गड्ढों के कारण लोगों को सावधानी के साथ वाहन निकालना पड़ता है। इससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भी दिक्कत होती है।

वार्ड क्रमांक 22 में बड़ी मस्जिद से नरगडा नाला तक लगभग एक किलोमीटर सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है और स्थानीय लोग लंबे समय से मरम्मत की मांग कर रहे हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 9 में गैस एजेंसी से अमराडांडी बाजार तक लगभग आधा किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुकी है।



उखड़ी सड़क और गड्ढों के कारण यहां वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं वार्ड क्रमांक 4 में धनपुरी पोस्ट ऑफिस से दूरभाष कार्यालय तक की सड़क भी खराब पड़ी हुई है। इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण वार्डवासी परेशान हैं। वार्ड क्रमांक 20 में पाइपलाइन विस्तार



कार्य के लिए खोदी गई सड़क और नाली अभी तक ठीक नहीं की गई है, जिससे वार्डवासियों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है।

इसके अलावा कोलरी क्षेत्र के सुभाष चौक के आसपास सड़क पर बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाओं की स्थिति बनती रहती है। वहीं बघइया पुल के आगे की सड़क भी लंबे समय से जर्जर पड़ी हुई है, जिससे क्षेत्र के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

नगर के कई वार्डों में सड़कों की खराब हालत को लेकर अब वार्ड पार्षद भी नाराजगी जता रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक सड़कों की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

पार्षदों का कहना है कि नगर निकाय चुनाव को लगभग चार वर्ष पूरे होने वाले हैं, ऐसे में वार्डवासियों के सवालों का जवाब देना मुश्किल हो रहा है क्योंकि वार्डों में अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन दिनों नगर पालिका का अधिकांश अमला और अधिकारी-कर्मचारी वार्ड क्रमांक 1 और 2 में वाटर पार्क व अन्य निर्माण कार्यों में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं, जबकि नगर के अन्य वार्डों की मूलभूत समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगरवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नगर की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

## दामिनी माइंस में सीएम मशीन संचालन को लेकर आरएमएस कैंप में विशेष प्रशिक्षण, 30 सुपरवाइजरों को दी गई सुरक्षा की जानकारी

**धनपुरी।** आधुनिक तकनीक से कोयला उत्पादन को सुरक्षित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार 9 मार्च को रीसर्जेंट माइनिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (आरएमएस) के कैंप में दामनी खदान के माइनिंग स्टाफ के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कैंप के क्लास रूम में आयोजित इस प्रशिक्षण में कंटीन्यूअस माइनर मशीन को खदान में उतारने, उसके संचालन और सुरक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में दामनी खदान के सुरक्षा अधिकारी (खनन) अरविंद चौधरी ने अपने अनुभव और खनन नियमों के आधार पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि कंटीन्यूअस माइनर मशीन को खदान में उतारते समय तकनीकी प्रक्रिया, आवश्यक परमिशन, सुरक्षा मानकों और टीम समन्वय का विशेष ध्यान रखना अनिवार्य है। मशीन संचालन के दौरान वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था, गैस मॉनिटरिंग,




उपकरणों की नियमित जांच, कार्यस्थल की सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित बचाव उपायों की जानकारी भी विस्तार से दी गई। यह प्रशिक्षण जीवीटीसी सोहागपुर के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 30 सुपरवाइजर और तकनीकी स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में कंटीन्यूअस माइनर मशीन से कार्य करते समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल और सामंजस्य की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई, ताकि खदान में उत्पादन कार्य सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

इस प्रशिक्षण में सीएम कंपनी और एसईसीएल के अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में सुरक्षा अधिकारी अरविंद चौधरी के अलावा वीटीसी सोहागपुर से सहायक प्रबंधक गोविंद कुमार सिंघल, आरएमएस के सुरक्षा प्रमुख सुजीत सिंह तथा उनकी टीम उपस्थित रही। प्रशिक्षण पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से दिया गया, जिसमें मशीन के संचालन, संभावित जोखिमों और सुरक्षा उपायों को विस्तार से समझाया गया।

प्रशिक्षण के समापन पर सभी माइनिंग स्टाफ को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) से संबंधित पुस्तिका प्रदान की गई, ताकि वे खदान में कार्य करते समय निर्धारित सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं का पालन कर सकें। कार्यक्रम के अंत में आरएमएस के सुरक्षा प्रमुख सुजीत सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से खदानों में सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और उत्पादन कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।

## शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**बिरसिंहपुर पाली।** शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने की तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंसूर अली ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जे.पी.एस. चौहान ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण पर निर्भर करती है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के संचालक डॉ. मंसूर अली ने भी महिलाओं की समाज में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएँ परिवार और समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, समान अवसर और सम्मान मिलना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर डॉ. रितु सेन, डॉ. अनुपमा द्विवेदी, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. जयंती पयासी तथा श्रीमती श्यामा पटले ने भी महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में डॉ. नरेश प्रसाद शुक्ला, डॉ. त्रिभुवन गिरी, श्री बालेंद्र यादव, डॉ. शिवराज सिंह सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।अंत में डॉ. मनीषा अग्रवाल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तथा सभी अतिथियों और उपस्थित जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में महिलाओं के सम्मान एवं समान अधिकारों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## गोंडवाना समाज ने रंग पंचमी को धूर पंचमी "सृष्टि दिवस" के रूप में मनाया



### बंजारा समाज ने भी निकाला भव्य जुलूस

**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में चैत्र मास कृष्ण पक्ष पंचमी के अवसर पर रंग पंचमी का पर्व गोंडवाना समाज द्वारा भव्य एवं पारंपरिक ढंग से धूर पंचमी-सृष्टि दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर के मेला मैदान में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। गोंडवाना समाज में रंग पंचमी को परंपरागत रूप से धूर पंचमी एवं सृष्टि दिवस के रूप में मनाने की परंपरा रही है। कार्यक्रम के दौरान पूजन-अर्चन के साथ पंच शक्ति के प्रतीक रूप में कलश स्थापना की गई तथा श्रद्धा और भक्ति भाव से आरती संपन्न हुई। इसके बाद पारंपरिक लोकगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इस भव्य आयोजन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आए गोंडवाना समाज के हजारों पुरुष-महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना समाज के गुरु दादा दुर्गे भगत, जगत कथा गुरु माता दुलेश्वरी दाई नेकी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश्वर पटेल, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, विधायक बरकड़े, अनूपपुर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमेश सिंह, जनपद पंचायत जैतहरी अध्यक्ष राजीव सिंह रेवा सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरु माता दुलेश्वरी दाई ने कहा कि गोंडवाना समाज प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है और जल, जंगल, जमीन, पहाड़ तथा वायु ही हमारी वास्तविक धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति वही है जो ईश्वर द्वारा निर्मित है और मनुष्य द्वारा बनाई गई वस्तुएं प्रकृति नहीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रकृति संरक्षण के लिए उनके द्वारा 10 लाख से अधिक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया है। वहीं मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग पहचान और परंपरा है। उन्होंने आदिवासी धर्म को अलग धर्म कोड के रूप में मान्यता दिलाने की मांग को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया और कहा कि इस विषय को राष्ट्रपति तक भी उठाया जाएगा। डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज की पहचान और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखना होगा और समाज की एकजुटता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

### बंजारा समाज ने भी मनाई रंग पंचमी

रंग पंचमी के अवसर पर अमरकंटक में नायक बंजारा समाज ने भी इस पर्व को बड़े उत्साह और पारंपरिक ढंग से मनाया। वार्ड क्रमांक 15 में विधिवत पूजन-अर्चन के बाद समाजजनों ने भजन-कीर्तन, नृत्य और अबीर-गुलाल के साथ नर्मदा मंदिर तक विशाल जुलूस निकाला। जुलूस में महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते हुए शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रेवा नायक के नेतृत्व में पूजन-अर्चन से हुई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कुमार तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डु चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुष्पराजगढ़ एवं अनूपपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में बंजारा समाज के लोग शामिल हुए। रंग पंचमी के पावन अवसर पर अमरकंटक में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं तीर्थयात्री पहुंचे। भक्तों ने पुण्य सलिला मां नर्मदा के रामघाट, कोटितीर्थ घाट और गांधी कुंड में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया तथा उद्गम स्थल में दर्शन-पूजन किया। सुबह से ही स्नान और दर्शन का क्रम शुरू हो गया था जो दोपहर तक चलता रहा। पर्व के अवसर पर नगर में लगभग 50 से 60 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई और पूरा अमरकंटक क्षेत्र उत्सव एवं आस्था के रंग में सराबोर नजर आया।

## बाल विवाह नहीं करने की दिलाई गई शपथ



**उमरिया।** महिला एवं बाल विकास के परियोजना उमरिया क्रमांक 1 और क्रमांक 2 अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया वुमेन्स सप्ताह अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के समापन कार्यक्रम अंतर्गत शा.माध्यमिक शाला चंदवार, शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरणताल,शा.प्राथमिक शाला छटन कैम्प उमरिया ,ग्राम पंचायत कोईलारी, आंगनवाड़ी केंद्र करकेली क्रमांक 1 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित स्कूल के समस्त शिक्षकगण, ग्राम पंचायत सरपंच , सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के द्वारा महिलाओं को सम्मानित कर उनके आधिकारों की जानकारी दी गई । कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओ को उनके स्वास्थ्य ,शिक्षा ,सामाजिक, आर्थिक , मानसिक स्थिति को मजबूत करने संबंधी चर्चा की गई । शासन स्तर से महिलाओं को दी जाने वाली सुविधायें वन स्टॉप सेंटर , महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 , चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस सहयता नंबर 112 के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही बाल विवाह रोकथाम संबंधी जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई ।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्टेडियम में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष अस्मिता लीग कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं में खेलों के प्रति रुझान बढ़ाना एवं फिटनेस को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करना और समाज में महिलाओं की भूमिका एवं उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाना था।

कार्यक्रम अस्मिता लीग के तहत तीन एथलेटिक्स कैटेगरी में खेल प्रतियोगिताएं जैसे 100 मीटर, 200 मीटर 400 मी एथलेटिक्स प्रतियोगिता की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा,खेल प्रशासन, विज्ञान और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। पार्षद त्रिभुवन प्रताप सिंह ने कहा कि आज हमारे देश की प्रथम नागरिक महामहिम जो एक महिला ही है और हम सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। मध्य प्रदेश जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ने कहा कि आज हमारे देश की बेटियां एवं महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। निश्चित ही वह आगे चलकर खेल में भी देश का नाम रोशन करेंगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं एवं महिला प्रतिभागियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया। अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह द्वारा स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक से एवं स्मृति चिन्ह ओर माय भारत की कैप से सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र पटेल खेल शिक्षक जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रवीण पसेरीया खेलो हॉकी उमरिया कोच, संजय कुमार लोधी हॉकी फेडरेशन कोच उमरिया,खेल शिक्षक मोहम्मद वसीम मजमानी कला. मोहम्मद फरियाद पीटीआई कौडिय़ा, खेल कोर्डिनेटर रेशमा शर्मा, भागवत पटेल एवं आकाश बर्मन, शिव प्रजापति, आशीष साहू, विनीता पटेल, राज सेन, हर्ष मुगेरिया आदि अन्य युवा वालंटियर उपस्थित रहे।

### खबर छपते ही जागी पुलिस

# आखिरकार 60 लाख चोरी कांड में देर से कार्यवाही क्यों?

**कोतमा क्षेत्र के बहुचर्चित 60 लाख चोरी कांड में खबर प्रकाशित होते ही पुलिस हरकत में आ गई। भालूमाड़ा थाना पुलिस ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रेस नोट जारी कर कार्यवाही का दावा किया है। हालांकि सवाल यह उठ रहा है कि जब मामला महीनों से सुर्खियों में था तो पुलिस को सक्रिय होने में इतनी देर क्यों लगी और क्या वरिष्ठ अधिकारियों को सही जानकारी दी जा रही थी?**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



जिले के कोतमा क्षेत्र में बदरा स्थित पेट्रोल पंप संचालक संग्राम सिंह के घर हुई 60 लाख से अधिक की चोरी का मामला लगातार विवादों में बना हुआ है। पहले वायरल ऑडियो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए और अब खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस की अचानक सक्रियता ने पूरे घटनाक्रम को और भी संदिग्ध बना दिया है। जिले के पुलिस कप्तान मोती उर रहमान के निर्देशन में भालूमाड़ा पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर दावा किया है कि फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ के सीतापुर और रायकेरा क्षेत्र से आरोपियों को पकड़कर चोरी के कुछ जेवर और नगदी बरामद की गई है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब चोरी 19 जनवरी की रात हुई थी और जांच महीनों से चल रही थी, तब पुलिस इतनी धीमी क्यों रही है? क्या स्थानीय स्तर पर जांच को जानबूझकर कमजोर किया गया और वरिष्ठ अधिकारियों तक पूरी सच्चाई नहीं पहुंचाई गई थी? यही सवाल अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गए हैं।




### खबर के बाद अचानक तेज हुई कार्रवाई

60 लाख की चोरी और वायरल ऑडियो से जुड़े आरोप सामने आने के बाद जब यह मामला मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, तभी पुलिस की गतिविधियां अचानक तेज हो गईं, इसके बाद भालूमाड़ा पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस पहले से गंभीरता से काम करती तो मामला इतना लंबा नहीं खिंचता और चोरी का अधिक माल बरामद हो सकता था।

### महीनों बाद गिरफ्तारी, जांच पर उठे सवाल

घटना 19 जनवरी की रात की है, लेकिन पुलिस की कार्यवाही लगातार सवालों के घेरे में रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जांच के दौरान कई स्थानीय संदिग्धों को छोड़ दिया गया और विवेचना कमजोर की गई थी। यही कारण रहा कि गिरफ्तार आरोपी जमानत पर बाहर आ गए, अब पुलिस द्वारा देर से की गई गिरफ्तारी यह संकेत देती है कि जांच की गति शुरू से ही बेहद धीमी रही है।

### बरामदगी अभी भी बेहद कम

पुलिस का दावा है कि आरोपियों से कुछ जेवर और नगदी बरामद किए गए हैं, लेकिन पीड़ित पक्ष का कहना है कि 60 लाख से अधिक की चोरी में अब तक बहुत कम सामान ही बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि चोरी का अधिकांश माल पहले ही बेच दिया गया या पिघला दिया गया है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो शायद चोरी का बड़ा हिस्सा बरामद किया जा सकता था।

### कप्तान को मिल रही अधूरी जानकारी

जिले में चर्चा यह भी है कि क्या पुलिस अधीक्षक तक सही जानकारी पहुंचाई जा रही थी या फिर स्थानीय स्तर के अधिकारी उन्हें गुमराह कर रहे थे। क्योंकि अगर शुरुआत में ही कठोर कार्यवाही की जाती तो मामला इतना नहीं बढ़ता। कई लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्यों जांच के दौरान इतने विवाद और आरोप सामने आए है। बहरहाल यह पुलिस कप्तान और उनके नुमाइंदों का यह आंतरिक मामला है इस मामले के सामने आने के बाद जनता में पुलिस की कार्यप्रणाली और कप्तान की कार्यवाही को लेकर तरह तरह की चर्चाओं से बाजार गर्म है।

### एक आरोपी अब भी फरार, पुलिस के सामने चुनौती

पुलिस के अनुसार इस मामले में अभी भी एक आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। लेकिन पूरे घटनाक्रम ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि आगे की जांच में चोरी का बाकी माल बरामद होता है या नहीं और क्या जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होगी। क्योंकि जनता अब सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, बल्कि पूरी सच्चाई सामने आने की मांग कर रही है।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** समीपस्थ ग्राम जमुड़ी के ठाकुरबाबा प्रांगण में सर्वोदय विचार की सर्वोच्च संस्था सर्व सेवा संघ युवा प्रकोष्ठ एवं महिला विकास समिति जमुड़ी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में महिला विकास समिति के प्रमुख भानमती ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित संगठन के राष्ट्रीय संयोजक भूपेश भूषण एवं सुप्रसिद्ध सर्वोदयी अन्नत जौहरी के साथ मिलकर महिलाओं को जागरूक कर समाज परिवर्तन के दिसा में आगे लाने और स्वाबलंबन को बढ़ावा देने सहित महिला सुरक्षा स्वास्थ्य और शुद्ध भोजन पेजल सहित खाद्य पदार्थों के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ग्राम पंचायत और ग्रामसभा में महिलाओं की भागेदारी हो स्वसहायता समूह को ग्राम स्वाबलंबन में शामिल करने को ध्यान आकर्षण जैसे बिंदु को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत अनूपपुर प्रीति रमेश सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में पल्लवीका पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनूपपुर, गांधी विचार पर काम कर रहे बायोवृद्धि शशि जौहरी, डॉ सुरभि, डॉ दीपा जगवानी जिला चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने महिला स्वास्थ जागरूकता के विषय पर चर्चा किया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कहा कि महिलाओं की स्थिति अभी भी बहुत खराब है हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है। शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा हम लोग भी अब पीछे नहीं हैं

### मुनाफे के फेर में सेहत से खिलवाड़

## मिलावट ऐसा की दूध में पानी की पानी में दूध, समझ से परे



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** भारत आज गर्व से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश होने का दावा करता है। लेकिन क्या हमने उस दूध के गिलास की गहराई में झांक कर देखा है। जिसे हम अमृत समझकर पी रहे हैं। उस दूध के हर तीन में से एक नमूना जांच में फेल हो रहा है। यह महज एक सांख्यिकी डेटा नहीं है। बल्कि हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का अलार्म है। क्या हमने कभी सोचा है, कि उस एक गिलास मिलावट वाले दूध में वास्तव में क्या है? हम अक्सर सोचते हैं। कि मिलावट का मतलब सिर्फ दूध में पानी मिलाना है। काश ऐसा ही होता, पानी से केवल पोषण कम होता है। लेकिन आज इसमें जो मिलाया जा रहा है वह सीधे मौत का सामान है। मुनाफाखोरी की लालच में दूध में झाग बनाने और फैट दिखाने के लिए वाशिंग पाउडर और यूरिया का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं दूध को सफेद और गाढ़ा दिखाने के लिए घटिया दर्जे का तेल और कास्टिक सोडा मिलाया जाता है। जो पाचन तंत्र को पूरी तरह खराब कर सकता है। ऐसे मिलावटी मामलों में त्वरित कार्रवाई और कठोर दंड का प्रावधान होने के साथ साथ लाईसेंस स्थायी रूप से निरस्त कर परीक्षण रिपोर्ट भी सार्वजनिक होनी चाहिए। ताकि आम नागरिक स्वयं गुणवत्ता को जान सकें। पारदर्शिता के बिना विश्वास संभव नहीं है।

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में किया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। प्राचार्य केवि अनूपपुर देवेंद्र कुमार तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के पुरुष शिक्षकों एवं कर्मचारिओं द्वारा विद्यालय की महिला शिक्षकों एवं कर्मचारिओं के योगदान को रेखांकित करते हुए उनका सम्मान करना था। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक उत्कर्ष त्रिपाठी द्वारा नारी शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात महिला शिक्षकों एवं कर्मचारिओं के सम्मान में उनके व्यक्तित्व के प्रेरक पहलुओं को दर्शाते हुए एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी, इसके बाद विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक विकास सिंह द्वारा उनकी स्वरचित कविता 'मैं नारी हूँ' का काव्य पाठ किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के सामाजिक विज्ञान शिक्षक अमृतलाल लाकड़ा ने अपने जीवन में नारियों के योगदान को व्यक्त करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके बाद प्राचाय ने अपने कर-कमलों से समस्त शिक्षिकाओं एवं अन्य महिला कर्मचारिओं को उपहार भेंट कर उनका सम्मान कियाद्य प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में नारी जीवन के विभिन्न आयामों को स्पष्ट करते हुए समाज में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि माँ केवल जन्म देने वाली ही नहीं होती, बल्कि वह अपने बच्चों के संस्कार, शिक्षा और व्यक्तित्व की निर्माता भी होती है। माँ का स्नेह और मार्गदर्शन ही समाज को सुदृढ़, उन्नत और सभ्य बनाता है। प्राचार्य ने आगे बताया कि नारी और पुरुष दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सृष्टि का संतुलन और विकास तभी संभव है जब दोनों का समान महत्व हो और दोनों के बीच सहयोग और समन्वय बना रहे। इसी संदर्भ में उन्होंने भगवान अर्धनारीश्वर के स्वरूप का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें शिव और शक्ति का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है, जो यह संदेश देता है कि स्त्री और पुरुष दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

### अनूपपुर जिला अस्पताल की 'बीमार' व्यवस्था ने खोली स्वास्थ्य विभाग की पोल

# धक्का मारकर चल रही एम्बुलेंस

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों खुद आईसीयू में नजर आ रही है। हालात ऐसे हैं कि मरीजों की जान बचाने वाली एम्बुलेंस तक धक्का मारकर स्टार्ट करनी पड़ रही है। मेंटेनेंस के अभाव में 108 एम्बुलेंस की बदहाल स्थिति ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला चिकित्सालय अनूपपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत अब तस्वीरों और घटनाओं के जरिए सामने आने लगी है। मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाली एम्बुलेंस खुद लाचार हालत में दिखाई दे रही है। हाल ही में सामने आए एक मामले में एम्बुलेंस को चालू करने के लिए कर्मचारियों को धक्का लगाना पड़ा, जो स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का खुला प्रमाण बन गया है। बताया जा रहा है कि मेंटेनेंस के अभाव में कई एम्बुलेंस खराब स्थिति में चल रही हैं। समय-समय पर सर्विसिंग और मरम्मत नहीं होने से ये वाहन बीच रास्ते में भी बंद हो जाते हैं, जिससे गंभीर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में देरी होती है। यही नहीं, कुछ एम्बुलेंस बिना नंबर प्लेट के भी सड़कों पर दौड़ती नजर आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब मरीजों की जिंदगी बचाने वाली एम्बुलेंस ही भरोसेमंद नहीं है, तो स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था कितनी मजबूत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद जमीन पर सुविधाओं की हालत बेहद खराब है।




### मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

एम्बुलेंस किसी भी अस्पताल की सबसे महत्वपूर्ण आपातकालीन सेवा होती है। गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए इसकी भूमिका बेहद अहम होती है। लेकिन जब वही एम्बुलेंस खराब हालत में हो और उसे धक्का मारकर स्टार्ट करना पड़े, तो यह सीधे-सीधे मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ माना जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंचती, जिससे मरीजों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है।

### मेंटेनेंस के अभाव में बदहाल एम्बुलेंस

सूत्रों के अनुसार जिला चिकित्सालय में संचालित कई एम्बुलेंस का लंबे समय से ठीक तरह से मेंटेनेंस नहीं किया गया है। नियमित सर्विसिंग और मरम्मत न होने के कारण इनकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई बार तकनीकी खराबी के कारण एम्बुलेंस बीच रास्ते में ही बंद हो जाती है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### बिना नंबर प्लेट दौड़ रही एम्बुलेंस

हैरानी की बात यह भी सामने आई है कि कुछ एम्बुलेंस बिना नंबर प्लेट के ही सड़कों पर दौड़ रही हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का भी बड़ा उदाहरण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी दुर्घटना या घटना की स्थिति में वाहन की पहचान तक मुश्किल हो सकती है।

### जिम्मेदारों की सफाई भी सवालों के घेरे में

इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की सफाई भी लोगों को संतुष्ट नहीं कर पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित एम्बुलेंस किसी दूसरे जिले की हो सकती है और यहां पेट्रोल भरवाने आई होगी। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जवाब वास्तविक समस्या से ध्यान भटकाने जैसा है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे बड़े सवाल

अनूपपुर जिला चिकित्सालय में एम्बुलेंस की यह स्थिति पूरे स्वास्थ्य तंत्र की पोल खोलती नजर आ रही है। जब आपातकालीन सेवाएं ही भरोसेमंद नहीं होंगी तो मरीजों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकेगी। लोगों का कहना है कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं धक्का खाकर ही आगे बढ़ती दिखाई दे रही हैं।

### ट्रेन से भाग रहा 12 वर्षीय बालक आरपीएफ की सतर्कता से मिला, बाल कल्याण समिति को सौंपा गया



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट अनूपपुर की सतर्कता से एक 12 वर्षीय नाबालिग बालक को सुरक्षित बरामद कर बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 मार्च को रात लगभग 10 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बिलासपुर से रेल मदद पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस के कोच एस-6 बर्थ नंबर 47 में एक 12 वर्षीय बालक घर से बिना बताए कहीं जा रहा है। सूचना मिलते ही रेल सुरक्षा बल पोस्ट अनूपपुर में तैनात सहायक उपनिरीक्षक एम.आर. घृतलहरे तथा प्रधान आरक्षक ए.पी. शुक्ला द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन को अटेंड किया गया। आरपीएफ जवानों ने बालक को सुरक्षित उतारकर पूछताछ की। पूछताछ में बालक ने अपना नाम हर्ष द्विवेदी (12 वर्ष) पिता गिरधारी द्विवेदी निवासी शीतला मंदिर के पास शीतलापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) बताया। रेल सुरक्षा बल द्वारा बालक के परिजनों को सूचना दी गई। इस संबंध में बालक के नाना अशोक शुक्ला निवासी जमुनिया जिला सीधी को भी जानकारी दी गई। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद 08 मार्च को उक्त नाबालिग बालक को अग्रिम कार्यवाही हेतु बाल कल्याण समिति अनूपपुर को सुपुर्द कर दिया गया। रेल सुरक्षा बल की इस त्वरित कार्रवाई से एक नाबालिग बालक को सुरक्षित संरक्षण मिल सका।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान आयोजित, किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का संदेश



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में रविवार 8 मार्च को भारत सरकार के राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत एचपीवी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना तथा समय रहते इसकी रोकथाम सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी मानी जाती है, जिससे भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा की उपस्थिति में टीकाकरण सत्र संपन्न हुआ तथा एसडीएम द्वारा भी कार्यक्रम में शामिल होकर स्वास्थ्य विभाग की टीम को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आनंद सोनी, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की परामर्शदाता शिवानी केशरवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन और सतत प्रयासों से टीकाकरण सत्र को सुचारु, व्यवस्थित और सुरक्षित रूप से संचालित किया गया। टीकाकरण सत्र के दौरान कुल 12 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। सभी लाभार्थियों का टीकाकरण शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण सुरक्षा के साथ किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे ऐसे प्रयास किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो भविष्य में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

## न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में श्रम योगी मानधन योजना का पंजीयन शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर उसे तीन हजार रुपए प्रतिमाह की पेंशन दी जाती है। जिन श्रमिकों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच और मासिक आय 15 हजार रुपए या उससे कम है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना में श्रमिक द्वारा जितनी राशि का अंशदान किया जाता है उतनी ही राशि का अंशदान केन्द्र सरकार द्वारा जमा किया जाता है। रिक्शा चालक, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, कृषि श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, मोची, दर्जी, धोबी, नाई सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक इस योजना में पंजीयन कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत रक्शा कोलमी स्थित न्यूजोन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 श्रमिकों के आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला श्रम पदाधिकारी, न्यूजोन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के पदाधिकारी सहित श्रमिकजन उपस्थित रहे। पंजीयन हेतु मुख्य अभियंता (उत्पादन) ए.टी.पी.एस. चचाई में 10 मार्च को तथा अनूपपुर थर्मल एनर्जी लिमिटेड ग्राम छतई जिला अनूपपुर में 12 मार्च को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 10 से 12 मार्च तक जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत केल्हौरी (सम्मिलित ग्राम पंचायत कैल्हौरी के श्रमिक), सकरा (सम्मिलित ग्राम पंचायत सकरा, खम्हरिया एवं औढ़ेरा के श्रमिक), फुनगा (सम्मिलित ग्राम पंचायत फुनगा, रक्शा, कोलमी तथा बिजौड़ी के श्रमिक), धनगवां पूर्वी (सम्मिलित ग्राम पंचायत धनगवां पूर्वी तथा पड़रिया के श्रमिक), देवरी (सम्मिलित ग्राम पंचायत देवरी के श्रमिक), अमगवां (सम्मिलित ग्राम पंचायत अमगवां, महुदा एवं क्योंटार के श्रमिक) के ग्राम पंचायत भवनों में शिविर का आयोजन होगा। पंजीयन की प्रक्रिया निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी की जा सकती है। पंजीयन के लिए श्रमिक का ई-श्रम कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक खाता विवरण तथा मोबाइल नम्बर आवश्यक है। श्रम पदाधिकारी ने जिले के सभी असंगठित श्रमिकों से अपील की है कि वे इस जनकल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी वृद्धावस्था के दौरान आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। योजना से संबंधित अधिक जानकारी कलेक्ट्रेट भवन स्थित श्रम कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।







## अवैध रेत चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जगन्नाथ मरकाम एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा 03 मार्च को ग्राम छतई में बिछियाटोला केवई नदी घाट में घेराबंदी कर एक नीले सफेद रंग का स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करने पर रेड कार्यवाही करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक ओमप्रकाश तिवारी पिता स्व. इन्द्रदत तिवारी निवासी बिछिया टोला थाना केल्हारी जिला एमसीबी छ.ग. के विरुद्ध अपराध क्र. 82/2026 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम, 130/177(3) एम.व्ही एक्ट का पंजीबद्ध कर अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरी विकास सिंह, सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, आर. रवि सिंह, आर. प्रभाकर त्रिपाठी, आर. विश्वजीत मिश्रा, करमजीत सिंह, आर. लक्ष्मण डांगी की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## 14 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आमजन को त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 मार्च को जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के लिए जिला न्यायालय परिसर से जागरूकता रथ (प्रचार वाहन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों, कस्बों और दूरस्थ अंचलों में भ्रमण कर लाउडस्पीकर तथा बैनर-पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों की जानकारी देगा। इसके माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि वे आपसी सुलह और समझौते के आधार पर अपने छोटे-मोटे विवादों तथा लंबित न्यायालयीन मामलों का त्वरित निराकरण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि इस लोक अदालत में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के सहयोग से विद्युत अधिनियम की धारा 126 एवं 135 से संबंधित प्रकरणों में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों में सिविल दायित्व (मूल राशि) पर 30 प्रतिशत तथा ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर सिविल दायित्व पर 20 प्रतिशत तथा ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान रहेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोक अदालत ऐसा मंच है जहाँ आपसी सहमति से विवादों का समाधान होता है, जिससे दोनों पक्षों के बीच आपसी सौहार्द बना रहता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने प्रकरणों का निराकरण कराएं।



### जिले में 'फिट इंडिया वूमेंस वीक' का हो रहा आयोजन

## योग, खेल और पिंक ड्राइविंग लाइसेंस से सशक्त हो रही हैं बेटियाँ

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 6 मार्च से 10 मार्च तक 'फिट इंडिया वूमेंस वीक' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते एवं सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मरक्षा तथा स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत 7 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल अनूपपुर में योगाभ्यास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और उन्हें योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। 8 मार्च को जैतहरी में बालिकाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करते हुए 'पिंक ड्राइविंग लाइसेंस' प्रदान किए गए तथा विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। साथ ही शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जैतहरी श्रीमती नवरत्नी शुक्ला, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सतीश जैन, स्थानीय पार्षद, लाडली क्लब की सदस्यों तथा महिला मंडल की प्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई। 9 मार्च को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पुष्पराजगढ में छात्राओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर की छात्राओं और नागरिकों की सहभागिता से मानव तस्करी, बाल विवाह और भिक्षावृत्ति के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल की प्रभारी मधुबाला पात्रा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पटेल, सदस्य मुकेश कुमार गौतम एवं अशोक कुमार त्रिपाठी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला कुली राजकुमारी एवं फूलबाई भी प्रेरणास्रोत के रूप में उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने अनुभव साझा कर बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



**न्यायालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**
प्र.क्र. - 0052 / स-149 / 2025-26
अनूपपुर, दिनांक 20 फरवरी, 2026

**सार्वजनिक सूचना**

आवेदिका पूनम देवी गोंड़ पिता सोहन सिंह गोंड़ उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम परसेलकला थाना राजेन्द्रग्राम तहसील पुष्पराजगढ़ जिला - अनूपपुर (म.प्र.) (वधुपक्ष) एवं आवेदक ओमप्रकाश गुप्ता पिता धनीराम गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बल्हौड़ तहसील मानपुर, जिला - उमरिया (म.प्र.) (वरपक्ष) दोनों समक्ष में उपस्थित होकर, विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 5 के तहत् आवेदन पत्र, शपथ / घोषणा पत्र, आधारकार्ड, अंकसूची एवं आवेदक के पूर्व पत्नी पूनम गुप्ता की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश कर विवाह अनुज्ञापन किए जाने की सूचना दी गई है, जिसकी सुनवाई पेशी दिनांक 23.03.2026 को नियत की जाती है। अतः उक्त विशेष विवाह अनुज्ञापन के संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो नियत पेशी दिनांक 23.03.2026 को अपना लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 20.02.2026 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**